मण्डी मोड़ पर जलभराव से निजात

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह द्वारा नगर के मुख्य बाजार के मण्डी मोड़ पर कई वर्षों से हा रही जलभराव की जटिल समस्या का निस्तारण कराया गया। मण्डी मोड़ पर कई वर्षों से हो रही जलभराव की समस्या को स्थानीय लोगों के सहयोग के माध्मय से एवं अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह व मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान की उपस्थिति में जलभराव की समस्या का निराकरण कराया गया। इसके साथ ही उक्त स्थल पर लोगों द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटवाकर पानी की निकासी व्यवस्था सुचारु रुप से करायी गई। अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह नगर की मुख्य समस्याओ में से एक थी, जिसका स्थानीय लोगों के सहयोग से समस्या का निस्तारण करा दिया गया है।